छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2013 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 22 फरवरी, 2013 (फाल्गुन 3, 1934)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2012-2013 **पटल पर रखेंगे.**

(2) सुश्री लता उसेंडी, महिला एवं बाल विकास मंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अधिनियम, 1995 (क्रमांक 20 सन् 1996) की धारा 14 की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2011-12 **पटल पर रखेंगी.**

(3) सुश्री लता उसेंडी, महिला एवं बाल विकास मंत्री, बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 (क्रमांक 4 सन् 2006) की धारा 36 की उपधारा (1) तथा (2) की अपेक्षानुसार अधिसूचना क्रमांक 1456/4163/2009/मबावि/50, दिनांक 16 जून, 2010 द्वारा अधिसूचित, छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग नियम 2009 के नियम 20 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन दिनांक 24 जनवरी, 2011 से 31 मार्च, 2012 **पटल पर रखेंगी.**

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) डॉ. शक्राजीत नायक, श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य, प्रदेश में गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी किये जाने की ओर खाद्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा विकासखण्ड में नल-जल योजना अंतर्गत पानी टंकी निर्माण में अनियमितता किये जाने की ओर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

क्रमश: 2

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री गुरू रुद्रकुमार, सदस्य, आरंग विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) मंदिरहसौद में 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास भवन निर्माण करने,

(ii) नगर पंचायत आरंग में 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास भवन निर्माण करने,

(iii) अमसेना एवं धौराभाठा में पातालु नाले पर एनीकट स्टापडेम निर्माण करने,

(iv) ग्राम बेनीडीह में हाईस्कूल खोलने,

(v) नगर पंचायत आरंग में कन्या महाविद्यालय खोलने,

(2) श्रीमती लक्ष्मी बघेल, सदस्य, बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम बनभिंमौरी में पूर्व माध्यमिक शाला का हाईस्कूल में उन्नयन करने तथा

(ii) ग्राम खम्हरिया में आयुर्वेद अस्पताल भवन निर्माण करने

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

5. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर श्री दीपक कुमार पटेल, सदस्य द्वारा दिनांक 18 फरवरी, 2013 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा (क्रमशः):-

"माननीय राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं."

6. अशासकीय संकल्प

निर्धारित समय

2 घंटे (1) श्री देवजी पटेल, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

सदन का यह मत है कि "छत्तीसगढ़ प्रदेश के बाहरी व्यक्तियों तथा संस्थाओं को छत्तीसगढ़ में कृषि भूमि की खरीदी में प्रतिबंध के उपाय किये जाय."

30 मिनट (2) डॉ. हरिदास भारद्वाज, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "सरायपाली में दूरदर्शन केन्द्र स्थापित किया जाय."

रायपुर
दिनांक 21 फरवरी, 2013

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव.